बुधवार 05 फरवरी 2020

हिन्दुस्तान 02

सुविधा : ग्रेनो मेट्रो सेवा हर छह मिनट में मिलेगी

नोएडा | **वरिष्ठ संवाददाता**

ऑटो एक्सपो तक लोगों को पहुंचाने के लिए मेट्रो हर कदम पर साथ देगी। लोगों की सहूलियत के लिए मेट्रो व्यस्त समय में छह मिनट और बाकी समय में साढ़े सात मिनट में मेट्रो मिलेगी। यह व्यवस्था 7 से 12 फरवरी तक रहेगी। ऑटो एक्सपो में जाने के लिए लोग नोएडा सेक्टर-51 स्टेशन से सवार होकर ऑटो एक्सपो के पास स्थित नॉलेज पार्क-2 तक जा सकेंगे।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) मेट्रो का संचालन कर रहा है। अब ऑटो एक्सपो के दौरान लोगों को विशेष सुविधाएं देने का निर्णय एनएमआरसी ने लिया है। एनएमआरसी ने मेट्रो की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के साथ-साथ कनेक्टिविटी की योजना भी तैयार की है ताकि एक्सपो आने वाले लोगों को भटकना न पड़े।

कुछ स्टेशनों पर लोगों की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। इससे एक्सपो व मेट्रो ट्रेन से संबंधित जानकारी लोग ले सकेंगे। गौरतलब है कि अभी इस लाइन पर मेट्रो व्यस्त समय में साढ़े सात और बाकी समय में 10 मिनट के अंतराल में मिलती है। अधिकारियों ने बताया कि एनएमआरसी के 91.1 रेडिया सिटी एफएम चैनल के जरिए स्टेशनों के परिसर में इस लाइन से जुड़ी सुविधाओं के के साथ-साथ ऑटो एक्सपो के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ई-रिक्शा की सुविधा भी दी जाएगी।

- **अभी व्यस्त समय में 7.5 और बाकी समय में 10 मिनट में मेट्रो**
- **लोगों की सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी**

तीन स्टेशनों से मेले के टिकट मिलेंगे

ऑटो एक्सपो पहुंचकर टिकट लेने के लिए लंबी लाइन के बजाए मेट्रो स्टेशनों से ही इसको देने का निर्णय एनएमआरसी ने लिया है। टिकट सेक्टर-51, 137 और नॉलेज पार्क-2 स्टेशन पर मिलेंगे। हर स्टेशन पर टिकट के लिए 2-2 काउंटर बनाए गए हैं। इन जगह टिकट मिलने शुरू हो गए हैं।